तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025

14 कनेरी शिविर में 6620 का गहन परीक्षण के बाद निराकरण ...



13 मटन और मछली मार्केट के विक्रेता अड़े, भवनों...





## खबर संक्षेप

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक टेमरी में 16 को

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल में 16 मई को दोपहर 3 बजे टेमरी विश्राम गृह में संगठनात्मक बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक में भाजपा दुर्ग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का प्रथम दौरा होगा। बैठक में विशिष्ट अतिथियों के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, भाजपा दुर्ग के जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू की उपस्थिति रहेगी। मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी योजनाओं एवं जमीनी कार्यों की समीक्षा की जाएगी। भाजपा नेता निर्मल जैन ने बताया कि इस बैठक में सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्षगण, सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी, सक्रिय कार्यकर्ता, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

### श्रीसेन जयंती एवं सम्मान समारोह 20 को

**जामगांव आर।** ब्लॉक स्तरीय सेन समाज द्वारा जामगांव आर में संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 20 मई मंगलवार 10 बजे से रखा गया। जिसके उद्घाटन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री विधायक भूपेश बघेल होंगे एवं अध्यक्षता सेन समाज प्रदेश सचिव भुवन लाल कौशिक करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच रूपेंद्र शुक्ला मंचासिन रहेंगे। समारोह का समापन दुर्ग लोकसभा सांसद छाया विधायक विजय बघेल एवं अध्यक्षता वैशाली नगर विधायक रितेश सेन करेंगे। समापन समारोह मंच पर जिला पंचायत दुर्ग जल मिशन सभापति कल्पना नारद साहू, जस रामकुमार चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, शासकीय कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला, उपसरपंच मुकेश साहू, प्रथम ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी राम सेन और उद्घाटन समारोह में राम सेन, भीखम सेन, डॉ सुमन कौशिक, जनार्दन सेन, एमन लाल श्रीवास, संतोष सेन, खिलेश्वरी शांडिल्य काजल श्रीवास मंचासिन रहेंगे। सेन समाज के वरिष्ठ रघुबर सेन ने उक्त जानकारी दी।

### खेरथाबाजार में आज समाधान शिविर होगा

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका बालोद के सरदार पटेल मैदान एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान खेरथाबाजार में 15 मई 2025 को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि जिला मुख्यालय बालोद के सरदार पटेल मैदान में 15 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका परिषद बालोद के समस्त वार्डवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान खेरथाबाजार में ग्राम खेरथाबाजार के अलावा ग्राम आसरा, घीना, कसहीकला, पापरा, बुन्देली, मुड़खुसरा, भीमकन्हार खेरथाबाजार, राघोनवागांव, गहिरा नयागांव, भरनाभाट, रानाखुज्जी, आतरगांव, मनकी (सा) ▶▶| शेष पेज 13 पर

# सबल राष्ट्र, स्वावलंबी व समृद्ध युवा व्यक्तित्व विकास की प्रेरणा शिविर में दी

## गायत्री शक्तिपीठ का व्यक्तित्व निर्माण युवा आवासीय शिविर 18 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्रीराम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरूर द्वारा व्यक्तित्व निर्माण युवा आवासीय शिविर का शुभारंभ श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में 14 मई से प्रारंभ हुआ है जो 18 मई तक चलेगा। जिसमे स्वस्थ युवा सबल राष्ट्र, स्वावलंबी युवा संपन्न राष्ट्र, शालीन युवा श्रेष्ठ राष्ट्र, सेवा भावी युवा सुखी राष्ट्र के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

युग निर्माण कैसे होगा–व्यक्ति के निर्माण से गायत्री परिवार का यह ब्रह्म वाक्य है जो अकाट्य सत्य है। विशाल वट वृक्ष एक नन्हें से बीज में छुपी रहती है, बहुमंजिली इमारतें उसकी नींव पर टिकी रहती है, ठीक वैसे ही मानव से महामानव बनने का आधार उसका व्यक्तित्व' ही होता है। इमरती और कारखाने बनाना तो आसान है कुछ साधन जुटा जाए तो स्कूल भी बनाया जा सकता है परंतु महत्वपूर्ण कार्य है तो वह है व्यक्ति का निर्माण, समाज का निर्माण, इसी उद्देश्य को लेकर यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के प्रशिक्षक के रूप में शांतिकुंज प्रतिनिधि टोली नायक तुलसी दीदी, कैलाश साहू, पीलू राम साहू एवं प्रोजेक्टर के संचालन रोहित कुमार साहू के द्वारा किया जा रहा है। मंच संचालन आचार्य नामदेव साहू द्वारा किया गया। युवा प्रकोष्ठ से युवा ▶▶| शेष पेज 13 पर





### केवल युवा शक्ति है समर्थ

पूर्व में जितनी भी क्रांति हुई है चाहे वह राजनैतिक हो या सामाजिक, आर्थिक हो या आध्यात्मिक। इनमें युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वर्तमान में देश जिस उथल–पुथल के दौर से गुजर रहा है लोग आशंकित है आगे क्या होगा? पर्यावरण का प्रदूषण भ्रष्टाचार का दावानल, सूखती जल स्त्रेत, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती नशा, बढ़ती अराजकता की भयावह को केवल और केवल "युवाशक्ति" ▶▶| शेष पेज 13 पर

## ग्राम गुदुम के समाधान शिविर में सांसद नाग ने जलस्रोतों की सुरक्षा और संवर्धन की अपील की

# पीएम-सीएम की जनहितकारी योजनाओं के लाभ से हितग्राही न हों वंचित : नाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडी

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में मौजूदा केन्द्र व राज्य सरकार आम जनता के हित में निरंतर कार्य कर सुशासन के अवधारणा को साकार कर रही है।

नाग आज सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के अंतिम छोर के ग्राम गुदुम में आयोजित सुशासन तिहार के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद नाग ने कहा कि सुशासन का अर्थ होता है एक ऐसा शासन जो जनता के हित में निरंतर कार्य करें। इस दिशा में वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजना संचालित कर उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले वासियों को सुशासन तिहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम एवं सुशासन तिहार के अवसर पर डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम में आयोजित समाधान शिविर में सांसद नाग के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जनपद सदस्य साधना सोरी, रत्ना हिरवानी के अलावा सरपंच गुदुम भुनेश्वर कोसमा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों अधिकारियों के अलावा एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### 2109 आवेदनों का गहन परीक्षण

इस मौके पर सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के गुदुम कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत गुदुम सहित ग्राम उकारी, अवारी, नर्रालगुड़ा, ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

ग्राम गुदुम में आयोजित समाधान शिविर के अवसर पर सांसद भोजराज नाग, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत कक्षा 10वीं की परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में तीसरा स्थान अर्जित करने वाली जिले एवं ग्राम गुदुम की होनहार छात्र कुमारी रिया केंवट को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### माकूल जवाब देने की तारीफ

शिविर को संबोधित करते हुए सांसद नाग ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू–कश्मीर राज्य के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष भारतीयों के निर्मम हत्या के का भारत के वीर सैनिकों के द्वारा मुँह तोड़ जवाब देते हुए अपनी अदम्य साहस एवं वीरता से दुश्मनों को माकूल जवाब देने की कार्रवाई की भूरी–भूरी सराहना की। डौण्डी विकासखण्ड के गुदुम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समाधान शिविर में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों एवं ग्रामीणों का हार्दिक स्वागत ▶▶| शेष पेज 13 पर

## अंगारी मार्ग पर बेकाबू बाइक दुर्घटनाग्रस्त तीन युवक गंभीर



**बालोद।** ग्राम तमोरा के तीन युवक एक बाईक मे सवार होकर जिला मुख्यालय से वापस घर जा रहे थे इसी दौरान ग्राम अंगारी मे सड़क मे अचानक तेजरफ्तार वाहन के सामने कुछ आ जाने से वे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, तेजरफ्तार मे चल रहे युवक अपनी वाहन को संभाल नही पाए और तीनो बाईक के साथ घसीटते हुए दूर जा गिरे जिसमे उन्हे गंभीर चोट आई, जिसके बाद घटना की सूचना मिलने पर ग्राम की सरपंच ममता डडसेना घटना स्थल पर पहुंचकर युवको को प्राथमिक चिकित्सा व अन्य सुविधाएं प्रदान की।

जानकारी के अनुसार तमोरा निवासी रंजीत साहू, नर्सिंग साहू लेमन यादव जिसको गंभीर गंभीर रूप से हाथ और पैर में चोट आई, जिसकी सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत अंगारी के सरपंच ममता डडसेना ने मदद की और प्राथमिक उपचार कराई और जो सहायता बंद पड़े और सहायता मरीज को प्रदान की और तुरंत उसका इलाज करवाया। गनीमत रही की युवक जब तेजरफ्तार बाईक से जब तीनो युवक गिरे तो मार्ग मे आवाजाही कम थी ऐसे मे तेजरफ्तार बाईक से गिरने पर आवाजाही होने पर अन्य लोगो के भी चपेट मे आने की आशंका थी वही युवको के गिरने पर मार्ग मे आने जाने वाले अन्य वाहन के चपेट मे आकर बड़ी घटना दुर्घटना भी हो सकती थी। वही जानकारी के अनुसार युवको ने हेलमेट नही पहना था।

## फुंडा क्रिकेट की विजेता टीम कंवर और बेल्हारी सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम फुंडा में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर पहुँचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिमा देशलहरे ने की। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए टुर्नामेंट का आयोजन बेहतर मंच है। खिलाड़ी इस मंच से अपना बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए वे हमेशा खिलाड़ियों का हर संभव सहयोग करते रहे हैं और भविष्य में भी खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग करते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अनुशासित तरीके से खेल कर आगे बढ़ने की बात कही। सभी अतिथियों ने फाइनल मैच के विजेता टीम कंवर तथा उपविजेता टीम बेल्हारी को सम्मान व पुरस्कार राशि प्रदान की साथ ही व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान ग्राम पंचायत पेण्ड्री की सरपंच जीतेश्वरी ठाकुर, बोरगहन के पूर्व सरपंच संतराम चंद्राकर, अविनाश गंजीर, उपसरपंच सुनील चंद्राकर, चंदन साहू, पंचगन गोरेलाल सोनवानी, नरोत्तम सपहाराधिका ठाकुर, शिव सोनवानी, ईश्वर सोनवानी, अजय यादव, पप्पू चंद्राकर सहित ग्रामवासी, खेलप्रेमी तथा आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने मानदेय के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने स्कूल सफाई कर्मचारियो के मानदेय ग्रीष्मकालीन मई–जून 2025 के राशि दिलाने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि विकासखण्ड के समस्त कर्मचारियो से ग्रीष्मकालीन अवकाश पर भी प्रधान पाठक, प्राचार्य के आदेश अनुसार शालेय कार्यो को निष्ठापूर्वक करना पड़ता है। शाला प्रांगण मे लगे पेड़ पौधो मे पानी डालना, देख रेख करना, कभी बच्चो के गणवेश, कपड़ो एवं पुस्तक के लिए बुलाया जाता है तथा समर कैंप लगने पर उपस्थिति देना पड़ता है। इस तरह ग्रीष्मकालीन अवकाश के अंतर्गत काम करना पड़ता है। कार्यालय से स्कूल सफाई कर्मचारी के अंतर्गत काम करना पड़ता है, कार्यालय से स्कूल सफाई कर्मचारी के कार्य बंद चालू के स्पष्ट आदेश नही होने के कारण कर्मचारी अन्य काम जैसे महात्मा गांधी रोजगार गारंटी, ग्राम पंचायत द्वारा चलाया जाता है उसमे भी हम लोगो को शासकीय कर्मचारियो का दर्जा देते हुए कार्य से वंचित कर देते है, जिससे रोजी रोटी की समस्या बनी रहती है। इसलिए ग्रीष्मकालीन मई–जून सत्र 2025 का मानदेय जारी करते हुए राशि दिलाई जावे।



### सम्यक बौद्ध महासभा ने बुद्ध जयंती पर समारोह का किया आयोजन

## भगवान बुद्ध जयंती पर पंचशील के सिद्धांत के पालन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सम्यक बौद्ध महासभा शाखा डौण्डीलोहारा के तत्वावधान में विश्वशांति के अग्रदूत महाकारूणिक तथागत गौतम बुद्ध की जंयती समारोह हर्षोल्लास के साथ आम्बेडकर भवन डौण्डीलोहारा में मनाया गया। सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध एवं बोधिसत्व डॉ भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उपस्थित समस्त बौद्ध उपासक उपासिकाओ द्वारा त्रिशरण पंचशील एवं बुद्ध धम्म संघ की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

तत्पश्चात सम्यक बौद्ध महासभा जिला शाखा के अध्यक्ष दिलीप मेश्राम, डौण्डीलोहारा शाखा अध्यक्ष राजकुमार रामटेके, बली राम रामटेके, रमेश गजभिए, संगीता वैदे, रत्ना मेश्राम आदि वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवनी एवं उनके धम्म पर अपने अपने विचार रखे और दिलीप मेश्राम जी ने भगवान बुद्ध के धम्म पर प्रकाश डालते हुए बौद्ध धर्म के मुख्य उद्देश्य भगवान बुद्ध के पंचशील चार आर्य सत्य अष्टांगिक मार्ग का पालन करने का संदेश दिया। मंच संचालन जिला शाखा के कोषाध्यक्ष विजय वैदे नन एवं आभार व्यक्त परिक्षेत्रीय शाखा के सचिव डोगरमल वासनिक जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर परस रामटेके, भीमेश्वर रामटेके, खोरबाहरा मेश्राम, तीरथ रामटेके, देवराज गजभिए, हिरेन्द्र गजभिए, हेमंत मेश्राम, सरोज मेश्राम, अनुप मेश्राम, तारा सिंह, सुनील घरडे, धनराज रामटेके, घनश्याम रात्रे, पन्नालाल मेश्राम, संजय वासनिक, सुन्दर सिंह रामटेके, श्रवण कुमार, कलेन्द्र कुमार, कमलेश्वर मेश्राम, पीयूष वैदे, प्रवीण रामटेके, रेवती रामटेके, चन्दा वैदे, मनीषा वैदे, अनिता मेश्राम, नीता मेश्राम, सुनीता रामटेके, सुशीला रामटेके आदि बौद्ध उपासक उपासिकाऐं उपस्थित थे ।



## रेडक्रास की सदस्य कमला ने घायल की सहायता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला रेड क्रांस की सक्रिय सदस्य कमला वर्मा ने मार्ग से जाते समय रास्ते मे हुए सड़क दुर्घटना देखकर अपने वाहन को रोकर सड़क दुर्घटना मे घायल युवको को फर्स्ट एड की सहायता से उनका प्राथमिक ईलाज किया तथा चोट वाली जगहो पर अपने वाहन मे रखे प्राथमिक उपचार की दवाओ को लाकर उनका उपचार करती दिखी।

कमला वर्मा ने बताया कि रेड क्रांस के तहत हमे सिखया जाता है कि किस प्रकार राह चलते भी आपातकालीन स्थिति देखकर घबराना नही चाहिए बल्कि सजग होकर अगर किसी दूरसे के साथ घटना दुर्घटना या मदद की आव"यकता है तो उसकी मदद करनी चाहिए जिसके लिए हमे वि"ाेश प्रशिक्षण प्रदान भी किया जाता है। उन्होने बताया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हमे अपने वाहनो या घरो मे प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ी दवाई रखने के लिए प्रेरित की जाती है जिसके तहत मैने भी अपने वाहन मे रखे प्राथमिक उपचार के दवाई के माध्यम से सड़क दुर्घटना मे घायल युवकों की मदद की।



## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 16 मई से

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिले के चारो विकासखण्ड बोड़ला, इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम, पंडरिया स्कूल मैदान नवापारा पांडातराई, कवर्धा स्कूल मैदान झलमला, स.लोहारा स्कूल मैदान बम्हनी में 16 मई से 06 जून .2025 तक जिलास्तरीय आऊटडोर स्टेडियम मैदान कवर्धा में विकासखण्ड, जिलास्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, बॉलबैडमिंटन, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, कराते बैडमिंटन, एथलेटिक्स हैण्डबॉल सॉफ्टबॉल बेसबॉल, क्रिकेट, प्रशिक्षक द्वारा खिलाडि़यों को सुबह शाम प्रशिक्षक दिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।

### 20 मई से शुरू होगी सेमेस्टर परीक्षा

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद यादव विवि ने सेमेस्टर परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। इसमें द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम व एलएलबी, एलएलएम- प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर-एटीकेटी की परीक्षा 20 मई से निर्धारित केन्द्र में होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन करने के समय उपयोग की गई आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

**कार्यवाही:** बिना दस्तावेज और सत्यापन के कबीरधाम जिले में रह रहे नौ लोगों पर कार्यवाही

# एसटीएफ की टीम ने कवर्धा के कई ठिकाने में तड़के दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में अवैध रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रह रहे और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उन पर नकेल कसने के लिए गठित की गई टास्क फोर्स ने बुधवार की तड़के विभिन्न ठिकानो में दबिश देकर नौ संदिग्धों को पकड़ा है। इस संदिग्धों के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 128, 126, 135(3) एवं 170 के तहत दो अलग-अलग इस्तगासों में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इस संबंध में जिला पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की तड़के 5.00 बजे से एसटीएफ की टीम ने कवर्धा शहर और उसके आसपास के संवेदनशील इलाकों में दबिश देकर संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली। कार्यवाही के दौरान टीम ने दर्जनों लोगों की पहचान और दस्तावेजो की जांच की। जिनके पास वैध दस्तावेज़ नहीं मिले या जो बिना किसी पुलिस सत्यापन के जिले में रह रहे थे, उनके विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में ऐसे व्यक्ति सामने आए जिनके पास न तो वैध पहचान-पत्र थे, न ही निवास या कार्य करने के उचित दस्तावेज इन व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 128, 126, 135(3) एवं 170 के तहत दो अलग-अलग इस्तगासों में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के मुताबिक इस्तगासा क्रमांक 10/2025, धारा 128 बीएनएसएस के तहत पंजीबद्ध आरोपियों में शमीम खान निवासी अटरिया, जालौन उत्तर प्रदेश, करमवीर निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश, धरमवीर निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश, जीवन पलार निवासी पश्चिम बंगाल, अशोक नायक निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश तथा सूर्या समलकर निवासी भंडारा महाराष्ट्र शामिल हैं। इसी प्रकार इस्तगासा क्रमांक 39/94/2025, धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस अंतर्गत आरोपी दीपक साहू निवासी बेरला, बेमेतरा हाल मुकाम कडरापारा, कवर्धा, अनिल शिव सारथी निवासी अटल आवास, कवर्धा तथा दीपक चौहान निवासी जमातपारा, कवर्धा के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक यह पूरी कार्यवाही इस स्पष्ट संदेश के साथ की गई कि बिना सत्यापन, बिना वैध दस्तावेज और बिना प्रशासनिक जानकारी के जिले में अब कोई भी व्यक्ति नहीं रह सकता। पुलिस अधीक्षक द्वारा एसटीएफ को निर्देशित किया गया है कि ऐसे सभी व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध न केवल कानूनी कार्यवाही की जाए, बल्कि उन्हें जिले से निष्कासित भी किया जाए।

इस अभियान के तहत मकान मालिकों, ठेकेदारों, व्यापारियों और प्रतिष्ठानों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि वे किसी भी व्यक्ति को बिना पुलिस सत्यापन के किराए पर रखते हैं या काम पर लगाते हैं, तो उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह जिम्मेदारी केवल पुलिस की नहीं, आम नागरिकों की भी है।

### जिले के हर गली, मोहल्ले, बस्ती में चलेगा अभियान



पुलिस प्रशासन ने बताया कि कार्यवाही के लिए गठित एसटीएफ द्वारा अब जिले में चरणबद्ध रूप से अभियान चलाया जाएगा। जिसमें हर गली, हर मोहल्ले, हर बस्ती में जाकर दस्तावेजों की जांच होगी। फर्जी मतदाता पहचान पत्र, आधार, राशन कार्ड, किराएदारों से जुड़े जाली दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर फर्जीवाड़ा करने वालों पर धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने दो टूक कहा है कि अब कबीरधाम जिले की सीमा में अवैध, बिना दस्तावेज़ और बिना सत्यापन के किसी को भी रहने की अनुमति नहीं है। यह अभियान सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि एक चेतावनी है जो छिपे हैं, वे खुद सामने आ जाएं, वरना एसटीएफ की कार्रवाई से बचना असंभव है। जिले की जनता से अपील की गई है कि यदि आपके आस-पास कोई संदिग्ध, बिना दस्तावेज का व्यक्ति रह रहा है तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। आपकी गोपनीयता पूर्ण रूप से सुरक्षित रखी जाएगी।

### विशेष टास्क फोर्स का किया गया है गठन

गौरतलब है कि हाल ही में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा एक टास्क फोर्स का गठन पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के स्पष्ट निर्देश और निगरानी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल के नेतृत्व में गठित किया गया है। जो जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों, अप्रवासियों और बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए किया गया है। इस टीम का उद्देश्य संदिग्धों की पहचान कर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना कराना और जिले को अवैध घुसपैठियों से मुक्त करना है।

# मंदिर परिसर में लगे वर्षों पुराने नीम पेड़ में अचानक लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर में मंगलवार की देरशाम करीब 7.00 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय शीतला माता मंदिर के पास लगे एक नीम के पेड़ में अचानक आग लग गई और आग की बड़ी-बड़ी लपटे उठने लगी। इस घटना की भनक लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और यह घटना चर्चा का विषय बन गया कि आखिर कैसे अचानक भयानक एक हरे भरे नीम के पेड़ में आग दहकने लगी।

लोगों के बीच काफी विचार विमर्श और खोजबीन के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि आखिर आग कैसे लगी। जबकि मंगलवार की शाम को मौसम भी साफ था और पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने की भी कोई संभावना नहीं थी। इस संबंध में मंदिर के पुजारी पंडित प्रशांत शर्मा दुल्लापुर ने बताया गया कि स्थानीय शीतला मंदिर परिसर में करीब सौ साल से भी अधिक पुराना नीम का हरा भरा पेड़ मौजूद है। जिसमें मंगलवार की शाम करीब 7.00 बजे अचानक आग की काफी ऊंची लपटें उठने लगी।

उन्होने बताया कि नीम का पेड़ का तना अंदर से खोखला है आग की लपटे अंदर से ही बाहर की तरफ निकल रही थी। मंदिर के पुजारी श्री शर्मा ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि मंदिर में बहुत से ग्रामीण पूजा पाठ करने आते हैं ऐसे में हो सकता है कि किसी ग्रामीण ने कोई जलती हुई सामग्री पेड़ के खोखले तने में डाल दी हो जिससे भीषण गर्मी के इस मौसम में तने में आग भड़क गई हो। बहरहाल ग्रामीणों ने दमकल अमले की मदद से आग पर काबू पा लिया है।

इस अग्नी दुर्घटना में मंदिर परिसर में लगे वर्षों पुराने नीम पेड़ को काफी क्षति पहुंची है।

# जिले के 191 लाभार्थी करेंगे शिरडी, शनि सिंगनापुर व त्रयम्बकेश्वर की तीर्थ यात्रा

## श्रद्धालुओं के दल को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



- भक्तिमय माहोल के साथ तीर्थ यात्रा का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले से कुल 191 लाभार्थियों का दल आज शिरडी, शनि सिगनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हुआ।

इस दल में जिले के वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ विधवा एवं परित्यक्ता महिलाएं भी शामिल हैं। यह यात्रा 14 मई से प्रारंभ होकर 17 मई 2025 को सम्पन्न होगी। यह योजना उन बुजुर्गों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो आर्थिक या अन्य सामाजिक कारणों से अपने जीवन में कभी धार्मिक स्थलों की यात्रा नहीं कर सके। यात्रा की शुरुआत के पूर्व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों से दूरभाष के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने और उनके आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

तीर्थ दर्शन योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का उद्देश्य न केवल विकास कार्यों तक सीमित है, बल्कि समाज के हर वर्ग को मान-सम्मान देना भी हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण चरण में आध्यात्मिक संतोष और सामाजिक सम्मान देने का कार्य कर रहे हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक दर्शन की नहीं, बल्कि भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव की भी यात्रा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। यह बसें राजनांदगांव बोर्डिंग स्टेशन तक जाएंगी, जहां से आगे तीर्थ यात्रा की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिले के अन्य जनप्रतिनिधि, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, समाज शिक्षा संगठक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत मजगांव से आई भजन मंडली भी उपस्थित रही, जिन्होंने भजनों की मधुर प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस यात्रा को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कई बुजुर्गों ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उन्हें इस उम्र में इतनी गरिमा और सम्मान के साथ तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। कुछ महिलाओं ने कहा कि जीवन की कठिनाइयों के बीच यह यात्रा उनके लिए एक आशीर्वाद के समान है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सरकार की उन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जो न केवल भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के मन में सम्मान और आत्मसंतोष का भाव भी पैदा करती हैं। यह योजना निश्चित रूप से वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में एक नई ऊर्जा, आध्यात्मिक विश्वास और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा धार्मिक स्थलों के दर्शन से अधिक, मानवीय संवेदनाओं और सरकार की लोककल्याणकारी सोच का प्रतीक बनकर सामने आई है।

# वनरक्षकों की सीधी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की पैदल चाल

- जिले के 36 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के लिए जारी की गई प्रवीण्यता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वनरक्षकों के 36 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के लिए जारी प्रवीण्यता सूची अनुसार अभ्यर्थियों का पैदल चाल परीक्षा का आयोजन बुधवार को प्रातः 5.00 बजे से सरोधा बांध के समीप सरोधा से छपरी मार्ग पर किया गया।

इस परीक्षा में कुल 36 अभ्यर्थियों में से 33 अभ्यर्थीयों ने भाग लिया। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पैदल चाल परीक्षा में पुरूष अभ्यर्थियों कुल संख्या 28 में से 26 एवं महिला अभ्यर्थियों की कुल संख्या 08 में से 07 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। पैदल चाल की निर्धारित समय-सीमा पुरूष अभ्यर्थी के लिए 25 किलो मीटर की दूरी 04 घंटे एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 14 किलो मीटर की दूरी 04 घंटे में तय किया जाना था, जिसमें सभी अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के पूर्व पैदल चाल परीक्षा पूर्ण कर लिया गया है। परीक्षा के सफल आयोजन में विशेष रूप सें निखिल अग्रवाल (भावसे) वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के मार्गदर्शन पर समस्त उप वनमंडलाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी तथा समस्त क्षेत्रीय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



# नगर पंचायत पाण्डातराई की सफाई चौपट, बजबजा रही नालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई



नगर पंचायत पाण्डातराई प्रशासन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व गैर जिम्मेदारी के चलते नगर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है। आलम ये है कि नगर के वार्डो की नालियां गंदगी और कूड़ा करकट से बजबजा रही है और नालियां जाम हो चुकी है। जिसके कारण नालियों का गंदा पानी वार्डो की सीसी रोड में फैल रहा है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत द्वारा नालियों की सफाई में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते वार्डों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसके अलावा कचरे का भी निष्पादन तथा उठाव सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण नगर में जहां तहां कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधयों से नगर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

### बस्तर के मानवशास्त्री व समाज सेवक दम्पत्ति पहुंचे वनांचल ग्राम बांसटोला



**कवर्धा।** सामाजिक समरसता और मानव विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत मूलतः बस्तर निवासी मानवशास्त्री एवं समाजसेवी दम्पत्ति डॉ. रूपेंद्र कवि और मोनिका कवि ने अपनी 15 वीं वैवाहिक वर्षगांठ एक अनोखे और प्रेरणादायक अंदाज में मनाई। इस अवसर पर वे अपने बच्चों सहित पंडरिया विकासखंड के घने जंगलों व पहाड़ियों के बीच स्थित बैगा जनजाति के ग्राम बांसटोला पहुंचे और वहां के निवासियों के साथ समय बिताया। दोनों ने बैगा समुदाय की पारंपरिक भेषभूषा धारण कर उनके बीच घुल-मिलकर आत्मीयता के साथ दिन बिताया। उनके इस प्रयास को क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं बैगा संस्कृति के गहरे जानकार गोपीकृष्ण सोनी का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दंपति ने गांव के बच्चों व बुजुर्गों के बीच बिस्किट व नमकीन जैसे हल्के नाश्ते का वितरण भी किया। डॉ. कवि दम्पत्ति ने बताया कि उनका उद्देश्य महज उत्सव मनाना नहीं, बल्कि जमीनी संस्कृति, जीवनशैली और मानव-संवेदनाओं के साथ जुड़ाव बनाना है। इससे पहले भी वे बस्तर सहित कई क्षेत्रों में आदिवासी समाज के बीच उत्सवों, शिविरों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर चुके हैं और अपने कार्यों से आकर्षण का केंद्र बने हैं। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने सहयोगी श्री सोनी और समस्त ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**तालाबों के व्यवसायिक उपयोग के चलते गायब हो गया ढेंस कांदा का स्वाद**

# तालाबों से कमलकंद गायब, गर्मी में दम तोड़ रहे तालाब



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

छत्तीसगढ़ में पसंदीदा सब्जी के रूप में उपयोग किया जाने वाला ढेंस कांदा अब धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहा है। क्योंकि तालाबों की सुंदरता और उन्हें आठों महिने बारह काल पानी से लबालब रखने में खासे मददगार कमलकंद अब अंचल के तालाबों में नजर ही नहीं आते। इस स्थिति के चलते जहां तालाबों के अस्तित्व पर तो खतरा मंडरा ही रहा है साथ ही लोगों को अपनी मनपसंद और बेहद पौष्टिक माना जाने वाला ढेंस कांदा भी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन व्यवसायिक उपयोगिता से दूर कुछ एक तालाब जरूर है जिनमें कमल के फूलों की मनमोहक छंटा के साथ-साथ विपरीत मौसम में लबालब पानी तो नजर आता ही है साथ ही ये तालाब लोगों को ढेंस कांदा भी उपलब्ध कराते हैं। विकासखण्ड बोड़ला में बैजलपुर मार्ग स्थिति एक ऐसा ही तालाब स्थित है जहां इस भीषण गर्मी में न सिर्फ कमल की मनमोहक छटा दिखाई देती है बल्कि साफ निर्मल पानी भी मन को मोह लेता है। इस तालाब से ग्रामीण ढेंस कांदा भी प्राप्त करते हैं। अंचल के बजुर्गो की माने तो एक समय था जब प्रायः सभी गांवों के तालाबों में कमलकंद प्रमुखता से पाया जाता था। कमलकंद तालाबों की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें विपरीत मौसम में भी सूखने से बचाए रखने में काफी मददगार साबित होता था। वहीं इसकी वजह से तालाब का पानी भी स्वच्छ रहता था। इसके अलावा लोग कमल फूल की डंडी यानी ढेंस कांदा का उपयोग सब्जी के रूप में भी करते हैं। कमलकंद की इस उपयोगिता को देखते हुए ही पुराने लोग तालाबों में इसे विशेष स्थान दिया करते थे। लेकिन आज हालत बदल गए है। जब से तालाबों का व्यवसायिक उपयोग करते हुए मछली पालन प्रारंभ किया गया है कमलकंद का अस्तित्व ही नष्ट हो गया है। गांव में आम निस्तारी के लिए रीड़ की हड्डी माने जाने वाले इन तालाबों को शासन की योजनाओं के तहत लीज पर लेकर मछली पालन करने वालों ने इन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिसका दुष्परिणाम आज हम सबके सामने है। तालाबों में वीरानी सी छाई रहती है सो तो अलग है उस पर गर्मी के शुरूआती दौर में ही अंचल के आधे से अधिक तालाबों का पानी गायब हो जाता है। बचे खुचे तालाब गर्मी के अंत तक सूख कर फट पड़ते है। जिसका खामियाजा मानव समाज के साथ-साथ जीव-जंतुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए आज फिर इन कमलकंदों की आवश्यकता अंचल के तालाबों में महसूस की जा रही है।

# आक्रामक बंदर का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई



वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम के अंतर्गत ग्राम पांडातराई में एक आक्रामक बंदर द्वारा ग्रामीणों पर हमला करने की सूचना प्राप्त होने पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) छत्तीसगढ़, रायपुर एवं मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त, दुर्ग से प्राप्त निर्देशानुसार निखिल अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन, सुयश धर दीवान उपवनमंडलधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन एवं श्रीमती पल्लवी गंगबेर, वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया पश्चिम के कुशल नेतृत्व में बंदर को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। जानकारी के मुताबिक एक बंदर पिछले कुछ दिनों से आक्रामक हो गया था एवं आस पास के ग्रामीणों पर हमला कर नुकसान पहुंचा रहा था। इस बंदर ने एक महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आक्रामक बंदर को उसके साथी बंदरों द्वारा घायल भी कर दिया गया था। आमजनो एवं वन्यप्राणी बंदर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बंदर का रेस्क्यू करने के लिए बिलासपुर से वेटनरी डॉक्टर चंदन को बुलाया गया। वन विभाग की टीम एवं डॉक्टर चंदन द्वारा मिलकर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। डॉक्टर चंदन द्वारा बंदर का प्रारंभिक उपचार किया गया। उपचार उपरांत बंदर पुरी तरह से स्वस्थ पाए जाने पर उनके द्वारा फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। जिसके बाद बंदर को भोरमदेव अभ्यारण्य ले जाकर उसके सुरक्षित रहवास में छोड़ा गया।

## खबर संक्षेप



### मानसून पूर्व नालियों की चल रही सफाई

**दुर्ग।** बारिश शुरू होने के पहले महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नाले-नालियों की सफाई की जा रही है। वार्ड 42 में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, प्रकाश गीते सहित संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। आयुक्त ने सोमवार को कसारीडीह पंचमुखी मंदिर में नाले-नालियों की वृहद रुप से साफ-सफाई की गई। वार्ड 42 कसारीडीह, आजाद चौक, राव कालेज, बेरपारा, सुभाष नगर, शिव मंदिर सहित चौराहे का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर क्षेत्र के 60 वार्डों गली-मोहल्लों में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए वृहद रूप से महा-सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत शहर के समस्त नाले-नालियों की सफाई सुनिश्चित होगी। आयुक्त ने कहा कि नाली सफाई के दौरान दिक्कत कर रही पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए साथ ही पाइप लाइन लीकेज को सुधारने कहा। निरीक्षण के दौरान नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, सहायक स्वच्छता अधिकारी पंकज चंद्रवंशी, सहित सुपर वाइजर उपस्थित रहे।

### रेत का अवैध परिवहन 13 हाइवा पकड़े गए



**भिलाई।** खनिज विभाग की टीम ने दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में 3 हाईवा को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा। खनिज निरीक्षक दीपक तिवारी के नेतृत्व में टीम ने सुबह से ही छापामार कार्रवाई शुरु की। सबसे पहले उतई फिर पाटन और रानीतराई थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्ग में दबिश दी गई। तेरह हाईवा रेत जब्त किया गया। रायल्टी पर्ची नहीं दिखाने पर उक्त गाड़ियों को संबंधित थाना क्षेत्र के सुपुर्द नामा में दिया गया। देर रात तक खनिज विभाग की कार्रवाई चलती रही।

### विवाद के बाद चाकू से हमला, आरोपी पकड़ में

**भिलाई।** विवाद के बाद प्राणघातक हमला करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने धारा 109 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि तालपुरी निवासी साहिल हाउसिग बोर्ड कुलदीप उर्फ राहुल के साथ उसके घर के पास बैठकर शराब पीने पर रहे थे। कुलदीप उर्फ राहुल के जीजा को काला बोलने की बात पर वाद विवाद हुआ। कुलदीप ने चाकू से साहिल पर प्राणघातक हमला कर दिया।

**सख्ती : हाईजैनिक मछली मार्केट पड़ा वीरान, थोक विक्रेता शिफ्टिंग को राजी नहीं**

# मटन और मछली मार्केट के विक्रेता अड़े, भवनों को किया जर्जर घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

इंदिरा मार्केट में मटन और मछली बाजार लगाने वाले विक्रेता हाईजैनिक मार्केट में जाने को अब तक राजी नही हुए है। जिसके चलते नगरनिगम द्वारा अब इंदिरा मार्केट में उनके द्वारा संचालित भवनों को जर्जर घोषित कर दिया है। जर्जर भवन में रोक के बाद भी दुकान लगाने पर कोई घटना होगी तो जवाबदेही उन्ही की होगी। निगम के इस घोषणा से थोक विक्रेताओं के बीच एक बार फिर खलबली मच गई है। देखना है कि, निगम के इस फैसले से क्या वहां दुकाने हटेगी।उल्लेखनीय है कि, इंदिरा मार्केट में करीब सत्तर से अधिक मटन और मछली विक्रेता दुकान लगा रहे है। इंदिरा मार्केट शहर का सबसे बडा मार्केट है। यहां आवासीय और कमर्शियल की दुकानों से लेकर बडी आबादी आसपास निवासरत है। मटन और मछली बाजार लगने से यहां उठने वाले बदबू से लोग परेशान है। विगत लंबे समय से दुकानों को यहां से हटाकर फारेस्ट विभाग के सामने करीब ढाई करोड की लागत से बने हाईजैनिक बाजार में शिफ्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन मछली और मटन मार्केट के विक्रेता हटने को राजी नही हैं। यही कारण है कि, निगम द्वारा अब वहां संचालित भवनों को जर्जर घोषित कर दिया गया हैं।

**खास बातें**

- लंबे समय से चल रही कवायद, विक्रेता जाने को राजी नहीं
- बीच बाजार में लग रहा मटन और मछली का बाजार
- सुबह से ही वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक भी हो रहा प्रभावित

**शहर के बीच बाजार में लग रही मटन और मछली की दुकानें**




### लंबे समय से शिफ्टिंग की चल रही कवायद

मई इंदिरा मार्केट स्थित मटन, मछली मार्केट की भवन का अत्यंय जीर्णशीर्ण हो जाने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना घटने की आशंका को देखते हुए महापौर अलका बाघमार व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा आम जनता को मटन, मछली मार्केट के अंदर खरीदी हेतु जाने से बचने की सलाह दी गई। निगम प्रशासन द्वारा न्यू हाईजेनिक मछली मार्केट सिविल लाइन में विस्थापित किए जाने की कवायद की जा रही है। लेकिन सफलता नही मिली हैं। निगम प्रशासन ने जर्जर मटन, मछली मार्केट में आम जनता को अपने जोखिम में जाने को बोला गया है।

### ढाई करोड़ खर्च कर बनाया गया हाईजैनिक बाजार

इधर मटन और मछली विक्रेता शिफ्टिंग के लिए तैयार नही हो रहे है। उन्हें डर है कि, शिफ्टिंग के बाद वहां ग्राहक नही आएंगे। उनका कहना है कि, वे पिछले कई सालों से इंदिरा मार्केट में नगरनिगम द्वारा उनके नाम से आबंटित किए गए भवन में दुकान लगा रहे है। वे हर माह निगम को टैक्स भी देते है। बताया गया कि, कुछ विक्रेता इस मामले को लेकर हाईकोर्ट भी गए है। कोर्ट ने इस मसले पर स्टे दे दिया है। इसलिए भी शिफ्टिंग की कार्यवाही आगे नही बढ पा रही है। विगत दिनों महापौर अल्का बाघमार ने निरिक्षण कर दुकानों को एक सप्ताह के अंदर शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए थे। लेकिन एक महिना बीतने को हैं।

### जर्जर घोषित



मटन और मछली बाजार में स्थापित दुकानों को जर्जर घोषित कर दिया गया हैं। यहां आम लोगों की आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है। इसके बाद भी दुकान लगाने पर विक्रेताओं की जिम्मेदारी होगी।

**-अल्का बाघमार,** महापौर नगरनिगम दुर्ग

## आरसी और आधार भेजने पर जुड़ जाएंगे मोबाइल नंबर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के पहले आरसी बुक में मोबाइल नंबर अपडेट करना अनिवार्य हैं। इसके लिए विभाग द्वारा वाट्सअप नंबर जारी किया गया है। जिसमें आरसी और आधार कार्ड भेजकर वर्तमान में संचालित मोबाइल नंबर लिंक करा सकेगें।

- विभाग ने जारी किया वाट्सअप नंबर

केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम-1989 के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, साथ ही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के पालन में छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य किया गया है।

इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर का अपडेट किया जाना भी आवश्यक है, जिससे उन्हें संबंधित जानकारी और अपडेट्स सीधे उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त हो सकें। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) दुर्ग द्वारा अब यह सेवा ऑनलाइन माध्यम से भी उपलब्ध कराई गई है। वाहन मालिक अब अपने आरसी कार्ड, आधार कार्ड एवं नया मोबाइल नंबर व्हाट्सएप के माध्यम से आरटीओ के संबंधित कर्मचारियों को भेजकर मोबाइल नंबर को अपडेट करवा सकते हैं।

### यहां भेज सकेंगे जानकारी

आरटीओ दुर्ग के अधिकृत कर्मचारी एवं उनके व्हाट्सएप नंबर जारी किए है। जिसमें 8109562811, 9302833719, 8602089599, 9285359915, 8305169850 आदि है। नवीन मोबाइल नंबर अपडेट होने के उपरांत वाहन मालिक अपने वाहन हेतु हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकेंगे।

## जिला चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे पर नर्सों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे के अवसर पर दुर्ग जिला अस्पताल में नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा नर्सों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमओ डॉ मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ हेमंत साहू, नेत्र चिकित्सा अधिकारी अजय नायक और नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, और हरमन दुलई उपस्थित थे।

- नवदृष्टि फाउंडेशन ने किया सम्मानित




नर्सों को उनके अथक परिश्रम, रोगी देखभाल में समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन नर्सों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास था।

सम्मानित नर्सों में श्रीमती चित्ररेखा वासनिक, श्रीमती मंजू रॉय, देव जानिक शिवारे, गिरजा बारले,रिंकी गुप्ता, तरुणा रावत, उषा गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ मनोज दानी ने कहा नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और करुणा के बिना अस्पतालों का संचालन संभव नहीं है। आज का दिन उनके सम्मान और प्रोत्साहन का दिन है। सिविल सर्जन डॉण हेमंत साहू, संस्था के कुलवंत भाटिया ने भी संबोधित किया।

नेत्र चिकित्सा अधिकारी अजय नायक ने संचालन किया मौके पर अनिल बल्लेवार, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पीयूष मालवीय आदि उपस्थित थे।

## पानी बचाने चलाई जाएगी मुहिम, बैठक में दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महापौर परिषद के महत्वपूर्ण विभाग में से एक जल गृह विभाग की सलाहकार समिति की पहली बैठक विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शहर में अमृत मिशन के तहत लगाए गए नल कनेक्शन को कई घरों में नागरिकों द्वारा बगैर टोटी के खुले छोड़ने के कारण पानी व्यर्थ बहने की शिकायत मिल रही है, जिसके चलते सप्लाई क्षेत्र के अंतिम छोर के अनेक घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी नही पहुंच पाता। इसे देखते हुए आम लोगों को भीषण गर्मी में पानी की आवश्यकता व उपयोगिता का महत्व बताने पानी बचाओ मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गर्मी के दिनों में बोर व हैंडपंपों के वाटर लेबल गिरने वाले स्थानों को चिन्हित कर बोरिंग के पास शोक पीट बनाकर धोने मांजने के दौरान बहने वाले अनुपयोगी पानी की हार्वेस्टिंग करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि उक्त हैंड पंपों को रिचार्ज किया जा सके। विभागीय समिति की बैठक में सदस्यों ने पानी की व्यवस्था के संबंध में सुझाव भी दिए। जल विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने कहा कि पानी बचाने की जिम्मेदारी सभी की है और इसमें केवल लोगों की जागरूकता ही महत्वपूर्ण है। आज भूगर्भ में गिर रहे हैं जल स्तर को भी ठीक करने घर घर हार्वेस्टिंग की आवश्यकता पर बल दिया। है।



### परिजन को मिली 4 लाख की सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंगोरी खार जिला दुर्ग निवासी पीलूराम यादव की विगत 7 अक्टूबर 2023 को गाय चराते समय जहरीले सांप के काट लेने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. पीलूराम यादव के पिता दानीराम यादव को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## सड़क हादसे में घायलों को तहसीलदार ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राजेंद्र पार्क हाइवे में मंगलवार को दोपहर कार और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। स्कूट सवार को बचाने के चक्कर में कार सवार डॉ अपूर्वा वशिष्ठ बुरी तरह से घायल हो गई। वहीं स्कूटी सवार भी घायल हो गया। इसी दौरान सुशासन तिहार शिविर से वापस लौट रहे तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपनी गाड़ी रुकवाकर गंभीर रूप से घायल डॉ अपूर्वा वशिष्ठ को बिना देरी किए अपने वाहन में बिठाकर जिला अस्पताल दुर्ग लाए और चिकित्सा उपचार प्रारंभ करवाए। घायल ने बताया कि, वह खुद डॉक्टर है और पीजी कर रही है। घटना लगभग 5 बजे के आसपास की है। दुर्ग में यह दूसरी ऐसी घटना है, जिसमें तहसीलदार ने घायलों को अपने वाहन में बिठाकर जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

## प्रवर्तन टीम ने भिलाई नगर बस्ती से हटाए चार सौ अवैध बिजली कनेक्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र, नगर सेवाएं, इनफ़ोर्समेंट विभाग तथा टाउन एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वारा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन बस्ती से 4 सौ अवैध कनेक्शन तीन मैन लाइन से काटे गए । कार्रवाई के दौरान दौरान अवैध बस्ती वालों द्वारा इक्ठा होकर विवाद और रोड जाम करने की कोशिश की गयी । पुलिस की सख्त समझाइश से लोग शांत हुए। संपदा न्यायालय के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में बस्ती के 400 अवैध कटिये/ कनेक्शन काटे गए। साथ ही दो हजार मीटर तार जप्त किया गये। अवैध कब्जेधारियों द्वारा खतरनाक तरीके से सप्लाई लिया गया था, जिस से कभी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था। अवैध कनेक्शन केबल को रोड क्रॉस कर के ले जाया गया था, गिरने पर राहगीर की भी मौत या अनहोनी हो सकती थी । दलालों द्वारा भी कई लोगों को अवैध कनेक्शन दे कर वसूली की जाती है । बेदखली कार्रवाई का कब्जाधारियों ने विरोध किया जिसे कोतवाली थाना के टीईआई प्रशांत मिश्रा ने समझाइश देकर नाकाम कराया। कब्जेधारिओ के विरुद्ध बिजलीचोरी करने के लिए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में पीएचडी विभाग व पुलिस बाल के साथ विभागीय कर्मियों अधिकारियो की टीम शामिल थी।



## सिविल लाइन में बनेगा आवासीय और व्यावसायिक काम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सिविल लाइन स्थित शासकीय कर्मचारियों को अब नया आवास मिलेगा विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर जर्ज़र आवासो को फ्लैट की तर्ज पर नया बनाया जाएगा। कसारीडीह क्षेत्र को विकसित करने 10 एकड़ जमीन पर आवासीय सह व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जायेगा।

इससे संबंधित पहलुओं को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव के साथ गृह निर्माण मंडल की टीम ने पूरे 13 एकड़ क्षेत्र में उद्यान और चौड़ी सड़क के साथ सुविधाओ का विस्तार करने निरिक्षण किये। पीडब्लूडी और एरिगेशन के जर्जर क्वार्टरों के तस्वीर बदल जाएगी, 13 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से गृह निर्माण मंडल दुर्ग द्वारा 300 करोड़ की राशि का प्लान तैयार किया गया है। जिसका कलेक्टर से अनुमोदन पश्चात शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा।



अभी 140 क्वाटर इस क्षेत्र में है जहाँ शासकीय कर्मचारी के परिवार निवास करते है और सभी आवास जर्जर अवस्था में है, जिसे डिस्मेंटल करके साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में फ्लैटनुमा नए क्वार्टरों का निर्माण किया जायेगा। जिसे शासकीय कर्मचारियों को एलॉट होगा।

### सबल राष्ट्र, स्वावलंबी व ...

सैनिक दिलीप निर्मलकर, भोलेश्वर सिन्हा, नरेंद्र कुमार साहू, मनीष कुमार, जगमोहन साहू खोमेंद्र साहू ने बताया कि शिविर आगामी 5 दिनों तक चलेगा। जिसमें जीवन लक्ष्य कैरियर निर्माण, स्वास्थ्य जीवन के सूत्र, योग, प्रणायाम, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय, सफलता के सूत्र, गायत्री का महाविज्ञान, व्यसन से बचाए सृजन में लगाए, युवा संगठन निर्माण जैसे अनेकों कक्षाएं का संचालन हो रहा है।

### केवल युवा ....

ही मिटा सकती है। मंत्रेच्चार बहूर सिंह परिवाजक के द्वारा करते हुए दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश टावरी थे, विशेष आमंत्रित प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहसमन्वयक छत्तीसगढ़ सीपी साहू, ब्लॉक समन्वयक गुरुर धनसिंग गंजीर, ब्लॉक सहसमन्वयक गुरुर डॉ गोपाल साहू उपस्थित थे।

### पीएम-सीएम की ...

पुसावड़, बम्हनी, छिंदगांव, मरकाटोला के निवासियों के द्वारा विभिन्न कार्यों से संबंधित प्राप्त कुल 2109 आवेदनों का गहन परीक्षण के उपरांत

**पेज 11 के शेष**

संबंधित विभागों के द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। समाधान शिविर गुदुम में सांसद एवं अतिथियों के द्वारा 05–05 हितग्राहियों को जॉब कार्ड एवं राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसी तरह 06 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, 05 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र तथा 10 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। इसके साथ ही 05 हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड एवं 05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वी—ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शक्ति स्व सहायता समूह कोसमी, जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह, जय मां शीतला स्व सहायता समूह सहित 10 स्व सहायता समूहों को 01 लाख 70 हजार की ऋण स्वी—ति पत्र प्रदान किया गया। इसी तहर समाधान शिविर कनेरी में 13 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 06 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वी—ति प्रमाण पत्र, 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 04 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। इसके साथ ही 17 हितग्राहियों को नवीन जॉब कार्ड तथा 02 बुजुर्ग हितग्राही को छड़ी तथा 01 दिव्यांग हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

### माकूल जवाब देने ...

एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित जिले में प्राप्त कुल आवेदनों एवं उसके निराकरण के संबंध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान के भीषण जल संकट को देखते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने एवं जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान में जिले के सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की भी अपील की। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष डौण्डी मुकेश कौड़ो एवं जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार के आयोजन की सराहना करते हुए आम जनता से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की-

### खेरथाबाजार में आज ...

अछोली, गारका, आलीखुंटा, परसाडीह (ज), कापसी, संजारी, गंजईडीह, सोरली, कोटेरा, अण्डी के निवासी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

## वार्डों का निरीक्षण, सीएमओ ने लगाई फटकार

**भिलाई।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल की सीएमओ सीमा बख्शी ने वार्डों का निरीक्षण किया। वार्ड 13 में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए फील्ड सुपरवाइजरों को सख्त हिदायत दिया। सफाई कर्मी समय पर कार्य स्थल में पहुंचे एवं निर्धारित समय तक कार्य करें। बीच में ही कार्य छोड़कर समय पूर्व गायब रहने वाले का वेतन काटने एवं कार्य से हटाने की चेतावनी दिया गया। वार्ड 9 एवं 10 में भी दौरा किया गया जहां आधे अधुरे कार्य देखकर नाराजगी जताई। सीएमओ अटल परिसर के निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण किया गया। सीएमओ सीमा बख्शी ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए वार्ड 16, 17 एवं 18 के पेयजल आपूर्ति को लेकर जानकारी लिया। वार्ड 18 में नाला निर्माण का भी निरीक्षण किया है। वार्ड में पंप ऑपरेटरों को जमकर फटकार लगाई। कार्य में लापरवाही करने वाले पंप ऑपरेटरों के ऊपर कार्यवाही करने, नोटिस देने का निर्देश दिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एएसपी ग्रामीण ने ली परेड की सलामी

**भिलाई।** एएसपी अभिषेक झा ने मंगलवार को पुलिस लाईन दुर्ग में जनरल परेड का आयोजन किया। जनरल परेड की सलामी एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने ली गई । परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों के वेषभूषा का निरीक्षण भी किया गया। उत्तम वेषभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया। कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी भारी वाहनों के रख-रखाओं का जायजा लिया। वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत दिया गया। परेड में डीएसपी चन्द्र प्रकाश तिवारी, डीएसपी एलेक्जेंडर किरो, नीलकंठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक आदि मौजूद थे।

### पुरानी रंजिश पर टंगिया से वार, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के कारण युवक पर टंगिया से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अछोटी अण्डा निवासी दिनेश दिल्लीवार ने शिकायत किया है कि 12 मई को घर ग्राम अछोटी में इसका भतीजा आरोपी डेमेन्द्र ने पीड़ित को टंगिया से वार किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने डेमेंद्र दिल्लीवार को पकड़ लिया।

### गांजा तस्कर की संपत्ति जब्त

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले वाली महिला जी सरोजनी, जी धनराजू की संपत्ति को जप्ती करने का आदेश मिला है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र में 6 सितंबर 2024 को अवैध गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने जी. सरोजनी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियां पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले में शामिल थी। अवैध गांजा का कारोबार कर धन एवं संपत्ति बनाया गया है। दुर्ग पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति व हेण्डलर डिल्ट्रीब्यूटर के चेन को तोड़ने कारोबार करने वाले और उसमें शामिल लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर रही है। जी. सरोजनी के खुर्सीपार स्थित 2 मकान, मिनी माता नगर स्थित 1 मकान, उनके घर में उपयोग किये जाने वाले 2 पहिया वाहनों को जप्त कर फ्रीजिंग आर्डर थाना प्रभारी खुर्सीपार द्वारा जारी किया है।

### रंजिश के चलते घर के सामने मुर्गा-सिंदूर, नींबू फेंका, माहभर बाद गिरफ्तार

**भिलाई।** घर के सामने मुर्गा, चूड़ी-सिंदूर और कटे नींबू फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना माह भर पहले छावनी थाना क्षेत्र में हुआ था। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप 1 निवासी एस नरेश के घर के सामने आरोपी जे कुमार ने मुर्गे की बलि चढ़ाकर फेंका था। आरोपी ने पड़ोस के दूसरे घर में दरवाजे के नीचे पेट्रोल डालकर आग भी लगा दी थी। आरोपी का हरकत सीसी कैमरे में कैद हुआ था। आरोपी शहर के नामी गुंडों साथ रहता है।

अभियान

विधायक संगीता सिन्हा ने आवेदनों का पूरी संवदेनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने कहा

# कनेरी शिविर में 6620 आवेदनों का गहन परीक्षणकर, निराकरण सुनिश्चित किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के कनेरी कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत कनेरी सहित ग्राम कोलिहामार, बोरतरा, भूलनडबरी, ठेकवाडीह, बोहारडीह, कन्हारपुरी, कुलिया, मोखा, दरगहन, खर्रा, दुपचेरा, धनेली, बोड़रा, भोथली के ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न विभागों से संबंधित 6620 आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा गहन परीक्षण के उपरांत समुचित निराकरण सुनिश्चित किया गया।

गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान ग्रामीणों एवं आम नागरिकों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जनपद अध्यक्ष सूनीता साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने सभी विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को आम जनता द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों का पूरी संवदेनशीलता के साथ समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

### विभिन्न विभागों के आवेदनों का हुआ समाधान

उल्लेखनीय है कि आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4489, महिला एवं बाल विकास विभाग के 300, स्वास्थ्य विभाग के 100, उद्यानिकी विभाग के 38, कृषि विभाग के 57, श्रम विभाग के 191, राजस्व विभाग के 523 तथा विद्युत विभाग के 154 आवेदनों सहित कुल 6620 आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा विद्युत विभाग के 103, महिला एवं बाल विकास विभाग के 177, राजस्व विभाग के 724, क्रेडा विभाग के 28, खाद्य विभाग के 17, परिवहन विभाग के 202 तथा श्रम विभाग के 199 आवेदनों सहित कुल 2109 आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्—तिक कार्यक्रमों की सुमधुर प्रस्तुति के माध्यम से सुशासन तिहार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### एक पेड़ माँ के नाम पर किया पौधारोपण

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पोधरोपण भी किया गया। वही इस अवसर पर जय भवानी एसएसजी चुल्हापथरा, सरस्वती एसएचजी दुबचेरा, प्रगति एसएचजी बोहारडीह, वनलक्ष्मी एसएचजी छेड़िया, मां शीतला, एसएचजी कन्हारपुरी, जय बुढ़ादेव एसएचजी मोखा, प्रतिमा एसएचजी मोखा समितियो ने अपने सामानो का प्रदर्शीनी लगाया। जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सभापति नरेश साहू, संध्या साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, हेमलता यादव, पूर्व जिला भाजपा महामंत्रीह देवेन्द्र जायसवाल, सरपंच कनेरी दिने"वरी सिन्हा सरपंच अमरीकला धर्मेन्द्र साहू, सरपंच कन्हारपुरी तेजराम साहू, सरपंच अरकार खेमलाल देवांगन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, मण्डल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, फागुराम सिन्हा, रवि साहू, संजय साहू, राजेन्द्र साहू, अजेन्द्र साहू ताम्रध्वज यादव सहित भाजपा बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मनरेगा जॉब कार्ड गुदुम शिविर में फौरन मिला



**बालोद।** सुशासन तिहार 2025 बालोद जिले के ग्राम गुदुम में विभिन्न महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आया है क्योंकि आज उनके आवेदन पर उनकी एक समस्या का त्वरित समाधान हो चुका है। ग्राम मरकाटोला की सांवली बाई, छिंदगांव की तामेश्वरी और लिम्हाटोला की गोदावरी बाई ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में अपने ग्राम पंचायत में मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया था। उनके इस आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका मनरेगा जॉब कार्ड बना दिया। जिसे आज ग्राम गुदुम में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें प्रदान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे गृहिणी है और अब तक वह अपने घर के कामकाज तथा खेती कार्य में मजदूरी करती थी। लेकिन मनरेगा जॉब कार्ड मिलने के बाद अब उसके पास बाहर काम करने का अवसर होगा। इस जॉब कार्ड के जरिए वे मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रें में होने वाले विकास कार्यों में हिस्सा ले सकेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यह आय का एक नया स्त्रेत उसके परिवार को मजबूती देगा। उन्होंने बताया कि उन्हें शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ भी मिल रहा है, जिसके तहत उन्हें प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। इस योजना ने उनके परिवार की छोटी–मोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद की है और अब मनरेगा जॉब कार्ड के साथ वह अपने पैरों पर खड़े होने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ रही हैं। अपने आवेदन का त्वरित समाधान होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## 12वीं में एपीएस की डिंपी एवं 10वीं में तान्या प्रथम



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा से हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम 2024-25 में कक्षा बारहवीं से डिंपी चंद्राकर 94% प्रथम, आरची जैन 92.6% द्वितीय, अंशुल भंसाली 90.6% ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में तान्या सिन्हा 90% प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान स्वीकृति जैन 83%, चैतन्या टेकाम 80.6% ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी बच्चों को सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन,सचिव रवि जैन,कोषाध्यक्ष दिनेशजैन, मिश्रीलाल जैन ,संदीप जैन ,श्रीमती प्रभा जैन , पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु, शिवेंद्र बहादुर साहू, एम आर भंडारी,शाला प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू अपने बच्चों को बधाई प्रेषित किया।

## अखिल भारतीय वीरांगना ग्रुप की नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा



**भिलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना ग्रुप द्वारा जिले में नई कार्यकरिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी ललिता सिंह को दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष किरण सिंह की अनुसंशा पर ज़िला अध्यक्ष ललिता सिंह द्वारा अपनी दुर्ग-भिलाई टीम की घोषणा की गई।

जिसमें उपाध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, गायत्री सिंह राठौर, पुष्पा सिंह, अनीमा सिंह, महामंत्री सुषमा सिंह, मंत्री सुनीता सिंह, सचिव संध्या सिंह चंदेल, सह सचिव शशिकला सिंह, कोषाध्यक्ष कुसुम सिंह, सह कोषाध्यक्ष संजय सिंह, संगठन मंत्री सुधा राठौर, संगठन सह मंत्री गायत्री सिंह, सांस्कृतिक प्रभारी स्वाती परमार, सांस्कृतिक सह प्रभारी संध्या सिंह, कार्यकारिणी सदस्य उमा परमार, अनीता सिंह, निरिक्षा सिंह राठौर, रचना सिंह, अंजली बिसेन, प्रभा सिंह, स्वाति सिंह, दिपा परिहार, मंजू सिंह, कविता सिंह, नेहा सिंह, आशा ठाकुर को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सभी सदस्यों ने समाज के हित में कार्य करते हुए सांस्कृतिक मनोरंजक, धार्मिक, सामाजिक, सेवा कार्य सहित ऐतिहासिक वीर योद्धाओं की जयंती व पुण्य तिथि मनाते हुए उनके संदेशो का प्रचार- प्रसार करने की शपथ ली।

## प्लेसमेंट ड्राइव में 33 छात्रों ने दिया साक्षात्कार, 17 छात्र हुए चयनित



**भिलाई।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी के बी.फार्म अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कार्टेल लाइफसाइंस प्राइवेट लिमिटेड अकोला, रायपुर की फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। अस्पतालों और क्लीनिकल ट्रीटमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कंपनी बड़े मात्रा में पैरेंट्रल्स (LVPs) के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 33 छात्रों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद 17 छात्रों का चयन क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्शन विभागों के लिए किया गया। चयनित छात्र अब फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू करेंगे। प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन में प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर्स आस्था वर्मा व नित्यपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा। संस्थान के प्राचार्य प्रो. एस. प्रकाश राव एवं कृष्णकांत, निदेशक श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स कुम्हारी कैंपस ने कार्टेल लाइफसाइंस प्रा. लि. का आभार व्यक्त करते हुए चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## भक्त भगवान के बल पर आश्रित, कलयुग में ज्ञान मार्ग पर चलना है बहुत मुश्किलः धामेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





जगद्गुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी दवरा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, जुनवानी में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है।

11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के निराकार निगुण ब्रह्म, सगुण साकार परमात्मा और सगुण साकार भगवान के तीन स्वरूपों के बारे में बताया गया। जिसमें ज्ञानी ब्रह्म के उपासक होते हैं, योगी परमात्मा के और भक्त भगवा- के उपासक होते हैं। देवी ने बताया कि वेदों में ज्ञान के दो प्रकार बताये गये है। एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा अनुभवात्मक ज्ञान। किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान से, लेकिन साधना द्वारा उसका अनुभव न हुआ हो तो वह कोरी कल्पना ही समझिये। ज्ञान मार्ग पर चलना कलयुग में बहुत मुश्किल है क्योंकि उसमें अधिकारी होना चाहिए।

संसार से पूर्ण विरक्त व्यक्ति ही ज्ञान मार्ग में अधिकारी बनेगा और दूसरी बात ज्ञानी भगवा-की शरण में नहीं जाता है और नियम ये है कि सगुण साकार भगवा- के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। ज्ञानी का ज्ञान मार्ग में बार बार पतन होता है, जिसकी रक्षा करने वाला न भगवा-होता है न गुरु ही होता है और जो भक्त है भक्ति मार्ग में वो भगवा- तथा गुरु के शरणागत रहता है, आश्रित रहता है इसलिए भगवा- उसकी रक्षा करते हैं। भगवा- भक्त की रक्षा करते हैं किंतु ज्ञानी की रक्षा नहीं करते। ज्ञानी की रक्षा तब करेगें जब ज्ञानी भगवा- की शरण में जायेगा। जब ज्ञानी भगवान के शरण में जायेगा तभी उसको ब्रह्मज्ञान अथवा मोक्ष हो सकता है।

## मदर्स डे पर गीत, कविताएं और नृत्य की दी शानदारी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड में मदर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने मां के लिए खूबसूरत ग्रीटिंग कार्य बनाएं और कविताएं एवं गीत और नृत्य के द्वारा अपने मन की भावनाओं को प्रस्तुत किया।

ब्रह्माकुमारी वर्षा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ ही हमें इस संसार में जन्म देती है और जीवन में प्रथम गुरु हमारी मां ही होती है। उन्होंने बच्चों को मां के प्रति कर्तव्य और मां के विभिन्न रुपों से की दुआएं प्राप्त करने विस्तार से बताया। बीके वर्षा ने बताया कि हमारे जीवन में सिर्फ एक माँ नहीं है और भी माताएं होती है जिनके प्रति भी हमारा कर्तव्य है। पहला लौकिक माँ ने हमें जन्म दिया और हमें हर परिस्थिति में संभाला। जब भी कोई कठिन दौर आता है तो बच्चा मां की आंचल में जाकर स्वं को सुरक्षित महसूस करता है। तो भाग्यशाली वह बच्चे हैं जिनकी मां होती है। वीर शिवाजी अगर छत्रपति शिवाजी बने तो उनके पीछे उनकी माता जीजाबाई का संपूर्ण साथ रहा है। माँ खुद भले भोजन न करें बच्चों को उसकी हर बात पर उसे क्या पसंद है, नहीं पसंद है उसका संपूर्ण ध्यान रखती है।

### चोरी करने वाले युवक व अपचारी बालक पकड़ाए

**भिलाई।** भय डालकर चोरी करने वाले तीन युवक और एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि अब्दुल कादिर ने शिकायत किया है कि अनिकेत अपनी बाइक सीजी 07 एल जेड 7533 को सर्विसिंग कराने पहुंचा था। सर्विसिंग कराते समय चार युवक पहुंचे, जिसमें पुस्कर जांगडे, अमन शाह, सागर शर्मा, एक अपचारी बालक है। पीड़ित को यहां बाइक कौन छोड़ा है कहते हुए भय दिखाकर चोरी करने की तैयारी के साथ उसके साथ गाली गलौत करने लगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्व. वरुण सेन की स्मृति में गुणिजन सम्मानित

## रविंद्र संगीत प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




सरगम ए म्यूजिकल भिलाई के द्वारा राज्य स्तरीय रविंद्र उत्सव 2025 का आयोजन सेक्टर 2 डोम शेड में किया गया। छत्तीसगढ़ के नाटककार एवं नाट्य निर्देशक स्वर्गीय वरुण सेन की स्मृति में गुणिजन सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया।

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन राज्य स्तरीय रविंद्र संगीत स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्पर्धा में रणदीप बेनर्जी एवं गीता सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रविंद्र उत्सव के आयोजन में दुर्ग सांसद विजय बघेल और सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप घोष बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद जी. श्रीनिवास राव और डॉ.राजश्री मिश्रा उपस्थित थे। सोनाली सेन के निर्देशन में टीम सरगम ए म्यूजिकल के कलाकारों द्वारा शास्त्रीय राग पर आधारित संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें रणदीप बेनर्जी, देवव्रत मजूंमदार, आर्य दानी, नैंसी चौधरी, ज्योति देशमुख, वीणा दीक्षित, रंजीत मंडल, पारिजात झा, प्रसंगी, पूजा चौधरी ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। संस्था की निर्देशिका सोनाली सेन ने बताया कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय रविंद्र उत्सव 2025 के आयोजन के पहले दिन लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रविंद्र उत्सव के द्वितीय दिवस इस स्पर्धा का पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के नाटककार एवं नाट्य निर्देशक स्वर्गीय वरुण सेन की स्मृति में गुणिजन सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था। जिसमें वरुण स्मृति पुरस्कार में राजेश चौहान, डॉ सौरभ मुखर्जी, कीर्ति माधव व्यास, मानिक चक्रवर्ती, अरविंद कुमार वर्मा, डॉ मनोज खन्ना को अपने क्षेत्र में विशिष्ट भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411